हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, शनिवार 16 मई 2026

तापमान

अधिकतम 40 .9 डिग्री
न्यूनतम 18 .8 डिग्री

**शहर में आज**

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- बिजली निगम में कर्मचारियों की मीटिंग।
- माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में सायंकालीन आरती।


## सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में आरपीएस के होनहारों ने फिर छुआ सफलता का शिखर

-10वीं में आरपीएस के 64 विद्यार्थियों ने 99 से अधिक अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठता की पताका लहराई

-जेईई मेन में 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर बिखेरी प्रतिभा की चमक


**-आरपीएस की स्वाति 99.6, ईप्सा डागा 99.2, अक्षिता धीमान 99, वनीषा जैन 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं के परिणाम में इंडिया के टॉप रैंकर्स में शामिल -जेईई एडवांस्ड के लिए आरपीएस के 633 में से 456 विद्यार्थियों ने 72 प्रतिशत की सक्सेस रेट से क्वालीफाई किया**

**महेंद्रगढ़** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सर्वोच्चता और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के लिए विख्यात आरपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने एक बार फिर नया इतिहास रच दिया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में संस्थान के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं, 10वीं और जेईई मेन जैसी चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष सीबीएसई के 12वीं के परीक्षा परिणाम में साइंस ( मेडिकल व नॉन मेडिकल), कॉमर्स एवं ह्यूमैनिटीज संकाय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अंकों का शिकार शिखर छुकर आरपीएस का नाम देश में रोशन किया।आरपीएस के सीईओ इंजी. मनिष राव ने बताया कि छात्रा स्वाति सिंह ने 12वीं में 99.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, छात्रा इप्सा डागा ने 99.2 प्रतिशत अंकों लेकर द्वितीय जबकि वनीषा जैन ने 98.8 प्रतिशत का बेहतरीन स्कोर प्राप्त किया। वहीं छात्रा अक्षिता धीमान ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। संस्थान के 22 प्रतिभावान विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक और रिकॉर्ड 153 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया है। इसके अलावा, स्कूल के कुल 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर परफेक्ट स्कोर का शिखर छुआ, जो स्कूल के शानदार मार्गदर्शन और बच्चों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है।

**- आरपीएस सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणामों में भी बना सिरमोर**

10 वीं कक्षा में भी प्रथम तीन स्थानों पर आरपीएस के विद्यार्थियों का पूरी तरह कब्जा रहा। समूह में प्रथम स्थान पर दिव्या यादव, अदित्री, अवनी यादव, रिद्धिमा यादव और आदित्य वशिष्ठ ने 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पाया। समूह में द्वितीय स्थान पर ओनवी, संस्कार सिंगला, हेमांश गोला और देवीक मुदगिल ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि तृतीय स्थान पर समर तोमर, दिव्यांश, अविनव, आरोही वैश, वृष्टि, नैतिक गौचर, तनव जैन, अमूल्य बागौतिया और तिक्षा राज यादव ने 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी चमक बिखेरी। विद्यालय की अन्य उपलब्धियों में 64 विद्यार्थियों का 99 प्रतिशत से अधिक व 757 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे भारत में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा वहीं आरपीएस के 493 विद्यार्थियों का विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि है।

**-आरपीएस का जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई का सक्सेस रेट 72 प्रतिशत**




जेईई मेन में आरपीएस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेईई एडवांस के लिए 72 प्रतिशत सक्सेस रेट से क्वालिफाई करवाकर अपना दबदबा बरकरार रखा। आरपीएस समूह के 633 विद्यार्थियों में से 456 विद्यार्थियों ने 72 प्रतिशत की सक्सेस रेट से क्वालीफाई किया। जेईई मेन 2026 में मयंक कुमार 99.957 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाइल हासिल कर संस्थान का मान बढ़ाया। इनके साथ सुमित यादव 99.92, आर्यन श्योराण 99.89 और विनीत कुमार 99.88 परसेंटाइल के साथ टॉप पांच में जगह बनाई।

आरपीएस समूह की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन से आज यह सिद्ध कर दिया है कि संकल्प यदि दृढ़ हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। विशेषकर 12वीं कक्षा में बेटियों का यह ऐतिहासिक प्रदर्शन नारी सशक्तिकरण की एक जीती-जागती मिसाल है। आरपीएस परिवार प्रत्येक विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य और उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आरपीएस ग्रुप केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि भविष्य के सफल नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने की एक प्रयोगशाला है। हमारे विद्यार्थियों ने न केवल किताबी ज्ञान, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अपनी तार्किक क्षमता का उत्कृष्ट परिचय दिया है। 12वीं, 10 वीं और जेईई के यह परिणाम हमारी आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और शिक्षकों के अथक प्रयासों का ही मधुर फल हैं ग्रुप के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के आपसी सहयोग और अटूट विश्वास का परिणाम है। 12वीं कक्षा के परिणामों ने जिस प्रकार से शैक्षणिक मानकों को नया शिखर दिया है, वह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। आरपीएस समूह निरंतर नवाचार और तकनीक के साथ शिक्षा के स्तर को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करता रहेगा। (ADVT.)


**खबर संक्षेप**

### मदीना के युवक के साथ 53649 रुपये की ठगी

**महम।** बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र के गांव मदीना में एक युवक के साथ ऑन लाइन ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में मदीना गांव निवासी हर्ष पुत्र राजेश कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले वह अपने मोबाइल फोन पर इंस्टाग्राम का विज्ञापन देख रहा था। यहां उसने एक विज्ञापन एप्पल आईफोन का दिखाई दिया। इस विज्ञापन में दिखाया गया था कि एप्पल फोन सस्ते दाम में दिया जा रहा है। उसने एड खोली तो उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक मैसेज आया। इस नंबर पर उसकी बातचीत होती रही। बताया कि वे मुझे एक एप्पल आईफोन, ईयरबड्स, समार्ट वॉच और चार्जर गिफ्ट में दे रहे हैं। कहा कि डिलीवरी के लिए 2150 रुपए देने होंगे। झूठ बोलकर और बार बार लालच देकर सामने वाले ने उसको सामान भी नहीं दिया और कुल 53 हजार 649 रुपए की ऑन लाइन ठगी कर ली। शिकायतकर्ता हर्ष ने पुलिस से उसके पैसे वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**नई पहल: खाड़ी संकट के असर से निपटने, पेट्रोल-डीजल और पर्यावरण को बचाने की कवायद**

# पीजीआई में अब डॉक्टर करेंगे कार पूलिंग, परिसर में नहीं चलाएंगे गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

बढ़ती ईंधन खपत और पर्यावरण संरक्षण को लेकर अब पीजीआईएमएस में भी नई पहल शुरू की गई है। संस्थान प्रशासन ने पेट्रोल और डीजल की बचत के लिए कार पूलिंग अभियान शुरू किया है। इसके तहत डॉक्टर, अधिकारी और कर्मचारी अब एक साथ वाहन साझा करके ड्यूटी पर आएंगे-जाएंगे। संस्थान प्रबंधन का मानना है कि इससे न केवल ईंधन की बचत होगी बल्कि ट्रैफिक और प्रदूषण में भी कमी आएगी।

पीजीआईएमएस प्रशासन ने यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण संबंधी अपील के बाद शुरू किया है। पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ एसके सिंघल ने इस संबंध में अधिकारियों और विभागाध्यक्षों से सहयोग की अपील की है। इसके लिए विशेष व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाए गए हैं ताकि एक ही रूट से आने-जाने वाले कर्मचारी आपस में समन्वय कर सकें।

दरअसल पीजीआईएमएस में रोजाना हजारों कर्मचारी, डॉक्टर और अधिकारी आते हैं। इसके अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी रोहतक से बाहर कॉलेजों और सरकारी अस्पतालों में मीटिंग, प्रशिक्षण और सरकारी कार्यों के लिए भी जाते रहते हैं। अब ऐसे अधिकारियों को भी कार पूलिंग के जरिए यात्रा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि यदि दो या तीन अधिकारी एक ही वाहन में सफर करेंगे तो इससे ईंधन की खपत में बड़ी कमी लाई जा सकती है। मामले में पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि यदि बड़े संस्थान इस प्रकार की पहल करते हैं तो इसका व्यापक असर देखने को मिल सकता है। लगातार बढ़ते पेट्रोल और डीजल के दामों के बीच यह कदम आर्थिक रूप से भी राहत देने वाला माना जा रहा है।

पीजीआईएमएस की इस पहल को शहर में सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है और उम्मीद की जा रही है कि अन्य सरकारी विभाग भी इसी तरह के अभियान शुरू करेंगे।

**ओपीडी में आने वाले चिकित्सक व मेडिकल अफसर जोड़े जाएंगे**



एआई जेनरेटेड

अभियान के तहत ओपीडी में आने वाले वरिष्ठ चिकित्सकों और विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अधिकारियों को भी जोड़ा जाएगा। अधिकतर चिकित्सक पीजीआईएमएस के सरकारी आवास में रहते हैं। पीजीआईएमएस प्रशासन का मानना है कि यह पहल सरकारी संस्थानों के लिए एक उदाहरण बन सकती है। कई डॉक्टरों और कर्मचारियों ने भी इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि इससे यात्रा खर्च कम होगा और आपसी समन्वय भी बढ़ेगा। संस्थान प्रशासन ने कर्मचारियों से अपील की है कि वे सप्ताह में कम से कम कुछ दिन कार पूलिंग अवश्य करें। इसके साथ ही संस्थान परिसर में अनावश्यक वाहन उपयोग कम करने और छोटी दूरी के लिए पैदल चलने को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## इधर... इलेक्ट्रिक कारों की डिमांड में 30% इजाफा, दुपहिया वाहनों की मांग ज्यादा बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव और तेल की कीमतों में संभावित बढ़ोतरी का असर अब ऑटोमोबाइल बाजार पर दिखाई देने लगा है। पेट्रोल-डीजल महंगा होने की आशंका के बीच लोगों का रुझान तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ रहा है। खासकर इलेक्ट्रिक स्कूटर युवाओं, महिलाओं और नौकरीपेशा लोगों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। रोहतक और आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ महीनों के दौरान इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वाहन कारोबारियों के अनुसार कम खर्च, आसान मेंटेनेंस और बेहतर बैटरी तकनीक इसके प्रमुख कारण हैं। पेट्रोल की बढ़ती कीमतों ने भी लोगों को इलेक्ट्रिक विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया है। पहले जहां लोग इलेक्ट्रिक वाहनों पर कम भरोसा करते थे, वहीं अब चार्जिंग सुविधाओं के विस्तार और लंबी रेंज वाले मॉडलों ने ग्राहकों का विश्वास बढ़ाया है। कई स्कूटर एक बार चार्ज होने पर 100 से 150 किलोमीटर तक चलने का दावा कर रहे हैं, जिससे दैनिक सफर करने वालों को काफी राहत मिल रही है।



### ₹1.5 लाख तक में मिल रहे दुपहिया वाहन

दुपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत लगभग एक लाख रुपये से शुरू होकर डेढ़ लाख रुपये तक पहुंच रही है। इसके बावजूद ग्राहक इन्हें भविष्य की बचत मानकर खरीद रहे हैं। दूसरी ओर इलेक्ट्रिक कारों की कीमत अभी भी आम परिवारों की पहुंच से बाहर मानी जा रही है। बाजार में उपलब्ध अधिकतर इलेक्ट्रिक कारों की शुरुआती कीमत आठ लाख रुपये से ऊपर है। इलेक्ट्रिक कार बेचने वाले कर्मचारियों ने बताया कि चार-पांच दिन में एक कार बेची जा रही है। सरकार की ओर से दी जा रही सब्सिडी और टैक्स छूट भी इस बदलाव को गति दे रही है। रोहतक में कई एजेंसियों ने बताया कि बीते महीनों की तुलना में इलेक्ट्रिक स्कूटरों की पूछताछ और बुकिंग में स्पष्ट बढ़ोतरी हुई है। खास बात यह है कि अब ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग इलेक्ट्रिक वाहनों में रुचि दिखाने लगे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले वर्षों में इलेक्ट्रिक वाहन बाजार और मजबूत होगा तथा दुपहिया श्रेणी इसमें सबसे आगे रहने की संभावना है।

### इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन शुरू

रोहतक में अधिकतर पेट्रोल पंपों पर ई चार्जिंग शुरू हो गई है। रोजाना इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी चार्ज करवाने के लिए आ रहे हैं। कई वाहन कंपनियों की तरफ से भी ई-चार्जिंग स्टेशन शुरू किए गए हैं। जल्द ही कई और प्वाइंट पर चार्जिंग शुरू होने जा रही है।

## भिवानी के ब्रेन डेड युवक के अंगदान आज, आठ लोगों को मिलेगी जिंदगी

- कुलपति डॉ. अग्रवाल बोले: दुख की घड़ी में परिवार ने निभाया मानव धर्म
- फिर बन सकता है हवाई कॉरिडोर, आ सकती है एयर एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

पीजीआईएमएस रोहतक से एक बार फिर मानवता की मिसाल सामने आई है। भिवानी जिले के 28 वर्षीय युवक को चिकित्सकों ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया है। गहरे सदमे के बीच परिजनों ने शुक्रवार देर शाम अंगदान के लिए अपनी सहमति दे दी। परिजनों की हामी के बाद कल सुबह 16 मई को अंगदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस निर्णय से लीवर, हार्ट, किडनी, कॉर्निया आदि समेत कई अंग जरूरतमंद मरीजों को नई जिंदगी देंगे।

इसके लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाएगा और हेलिकाप्टर एम्बुलेंस भी आ सकती है। जानकारी के अनुसार, युवक को 13 मई को गंभीर सड़क हादसे के बाद परिजन गत दिवस पीजीआईएमएस के ट्रॉमा सेंटर में लाए थे। सिर में गंभीर चोट के कारण डॉक्टरों के अथक जीवनरक्षक प्रयासों के बावजूद उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। शुक्रवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुंदन मित्तल के नेतृत्व में एनेस्थीसिया से डॉ तरुण यादव, न्यूरो सर्जरी से डॉ वरुण अग्रवाल और सर्जरी विभाग के डॉ सुरेंद्र वर्मा के बोर्ड ने दो बार एपनिया टेस्ट समेत निर्धारित प्रोटोकॉल पूरे कर उसे ब्रेन डेड घोषित किया। ब्रेन डेड की सूचना मिलते ही सोटो हरियाणा की काउंसलिंग टीम परिजनों से मिली। शुरुआती दौर में परिवार इस निर्णय के लिए तैयार नहीं था। अपने जवान बेटे को खोने का गम इतना गहरा था कि वे कुछ भी सुनने-समझने की स्थिति में नहीं थे। सूचना मिलते ही कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल परिवार से मिलने स्वयं ट्रॉमा सेंटर पहुंचे और परिजनों से बात की ओर उन्हें इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

# छोटूराम चौक पर होटल में युवक ने की आत्महत्या

- झज्जर के आसंडा गांव का रहने वाला था देवेंद्र, एफएसएल टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

छोटूराम चौक स्थित एक निजी होटल में युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कमरे को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान झज्जर जिले के गांव आसंडा निवासी देवेंद्र पुत्र दिलबाग के रूप में हुई है। पुलिस मामले के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। वहीं एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। जानकारी के अनुसार छोटूराम चौक के पास स्थित एक निजी होटल में युवक पिछले कुछ समय से ठहरा हुआ था। होटल कर्मचारियों के मुताबिक युवक काफी शांत स्वभाव का दिखाई दे रहा था और उसने किसी प्रकार की परेशानी जाहिर नहीं की थी। देर शाम जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो होटल स्टाफ को शक हुआ। इसके बाद कर्मचारियों ने आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। मामला संदिग्ध लगने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।




### कमरे का दरवाजा खुलवाया गया

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा खुलवाया गया। अंदर युवक का शव संदिग्ध हालत में मिला। शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। कमरे से कुछ सामान और अन्य वस्तुएं भी बरामद की गई हैं, जिन्हें जांच के लिए कब्जे में लिया गया है।

### एफएसएल टीम ने की कमरे की जांच

घटना की जानकारी मिलते ही एफएसएल इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। एफएसएल टीम ने कमरे की बारीकी से जांच की और जरूरी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने होटल के रजिस्टर, एंट्री रिकॉर्ड और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालनी शुरू कर दी है ताकि युवक के होटल में आने-जाने और उससे मिलने वाले लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

### सुसाइड नोट मिलने की पुष्टि नहीं हुई

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि युवक ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मृतक के मोबाइल फोन और अन्य दस्तावेजों की भी जांच कर रही है ताकि घटना के पीछे की वजह का पता लगाया जा सके।

### परिजनों को दी सूचना

घटना की सूचना युवक के परिजनों को दे दी गई है। परिजन रोहतक के लिए रवाना हो चुके हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### बालक नाथ कॉलोनी में सुसाइड



**रोहतक।** जींद रोड स्थित बालक नाथ कॉलोनी में एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। परिजनों ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस व एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी हुई है। प्राथमिक जांच में किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**एक्शन प्लान** | **जिले में कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए हर सप्ताह किया जाएगा थानों का निरीक्षण**

# एसपी के रडार पर शहर के थाने, दिखाना होगा रिपोर्ट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने नया एक्शन प्लान तैयार किया है। अब एसपी खुद हर सप्ताह जिले के एक थाने का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान न केवल थाने की कार्यप्रणाली की जांच होगी, बल्कि लंबित मामलों, अपराध नियंत्रण और पुलिस कर्मियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। खास बात यह है कि सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग मचाने, बाइक स्टंट करने और माहौल खराब करने वाले युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस विभाग की इस पहल को जिले में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग सुधार की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। लंबे समय से लंबित मामलों और सड़कों पर बढ़ती स्टंटबाजी को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही थीं। अब एसपी स्तर पर सीधे निगरानी होने से थानों में कामकाज की गति बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।



### फरियादियों को न हो कोई परेशानी

निरीक्षण के दौरान थाने में दर्ज मामलों की स्थिति, लंबित जांच, गिरफ्तारी की प्रगति और शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जाएगी। जिन मामलों में जांच धीमी पाई जाएगी, वहां संबंधित जांच अधिकारी से जवाब मांगा जाएगा। पुराने केसों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार निरीक्षण के दौरान थाना रिकॉर्ड, मालखाना, हवालात और पुलिस रिस्पांस सिस्टम की भी जांच होगी। पुलिस अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि फरियादियों को थाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो और शिकायतों पर तय समय में कार्रवाई हो।

### स्टंटबाजों व हुड़दंगियों पर विशेष नजर

शहर में पिछले कुछ समय से बाइक स्टंट, तेज रफ्तार और सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग की घटनाएं बढ़ रही हैं। खासकर देर शाम व रात को कुछ युवक सड़कों और बाजारों में बाइक के साइलेंसर से पटाखे जैसी आवाज निकालकर लोगों को परेशान करते हैं। कई बार ऐसे स्टंट हादसों का कारण भी बन चुके हैं। सभी थाना प्रभारियों ऐसे युवकों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस टीमों को बाजारों, चौक-चौराहों, पार्कों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष निगरानी बढ़ाने को कहा गया है। बिना नंबर प्लेट, मॉडिफाइड साइलेंसर व नियम तोड़ने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई तेज होगी।

### लंबित मामलों पर तय होगी जवाबदेही

पुलिस विभाग में सबसे बड़ी चुनौती लंबित मामलों को माना जाता है। कई मामलों में जांच महीनों तक पूरी नहीं हो पाती, जिससे पीड़ित पक्ष को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अब एसपी निरीक्षण के दौरान प्रत्येक लंबित केस की स्थिति जानेंगे और देरी के कारणों की समीक्षा करेंगे। यदि किसी मामले में लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी की जवाबदेही तय की जा सकती है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि नियमित समीक्षा से जांच में तेजी आएगी और लोगों का भरोसा भी मजबूत होगा।

### पुलिस के रिस्पॉन्स पर भी होगा फोकस

निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मचारियों के व्यवहार और अनुशासन पर भी ध्यान दिया जाएगा। थानों में आने वाले लोगों के साथ कैसा व्यवहार हो रहा है, शिकायतों को कितनी गंभीरता से लिया जा रहा है और पुलिस रिस्पॉन्स कितना प्रभावी है, इन सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। एसपी ने साफ किया है कि पुलिसिंग केवल अपराधियों पर कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि आम लोगों में सुरक्षा का विश्वास पैदा करना भी उतना ही जरूरी है। इसलिए थानों को जनता के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह बनाने पर जोर रहेगा।

### शहर में बढ़ेगी पुलिस की सक्रियता

पुलिस अधिकारियों के अनुसार आने वाले दिनों में शहर में गश्त बढ़ाई जाएगी। संवेदनशील इलाकों में पीसीआर और राइडर टीमों की तैनाती मजबूत होगी। स्कूल-कॉलेजों और बाजारों के आसपास भी निगरानी बढ़ाने की योजना बनाई गई है ताकि युवाओं में कानून का डर बना रहे। साथ ही सोशल मीडिया पर हथियारों, स्टंट और हुड़दंग से जुड़े वीडियो डालने वालों पर भी नजर रखी जाएगी। पुलिस साइबर टीम को ऐसे अकाउंट ट्रैक करने के निर्देश दिए गए हैं जो युवाओं को गलत गतिविधियों के लिए प्रेरित करते हैं।

### लोगों को राहत की उम्मीद

एसपी के इस नए निरीक्षण अभियान से आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से लोग थानों में लंबित शिकायतों और सड़कों पर बढ़ती हुड़दंगबाजी को लेकर चिंता जता रहे थे। अब नियमित निरीक्षण और सख्त मॉनिटरिंग से पुलिसिंग में सुधार की संभावना बढ़ गई है। पुलिस विभाग का मानना है कि यदि थानों की कार्यप्रणाली पर लगातार नजर रखी जाए और अपराध नियंत्रण को लेकर जवाबदेही तय हो, तो जिले में कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकता है।

## जिले के बैंकों में नकदी की कमी आपसी लेनदेन से चला रहे काम

- ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे कारोबारियों पर पड़ सकता है असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

रोहतक जिले के विभिन्न बैंकों में इन दिनों नकदी की कमी के चलते दबाव की स्थिति बनी हुई है। सीमित नकदी आपूर्ति के कारण कई बैंक शाखाएं जरूरत पूरी करने के लिए आपस में नकदी का सहयोग ले रही हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से अपेक्षाकृत कम नकदी मिलने से शाखाओं को रोजमर्रा के नकदी प्रबंधन में अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ रही है। इससे ग्राहकों की चिंता भी बढ़ने लगी है। बैंक अधिकारियों के अनुसार नकदी की मांग सामान्य से अधिक है, जबकि आपूर्ति कम पहुंच रही है। ऐसे में ग्राहकों को परेशानी से बचाने के लिए शाखाएं एक-दूसरे से नकदी लेकर काम चला रही हैं। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक महावीर प्रसाद ने बताया कि सरकार की ओर से कम नकदी भेजे जाने के कारण यह स्थिति बनी है। हालांकि बैंक प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है और समन्वय के जरिए व्यवस्था संभालने का प्रयास कर रहा है।

### डिजिटल भुगतान पर जोर

विशेषज्ञों का मानना है कि नकदी की कमी का असर ग्रामीण क्षेत्रों व छोटे कारोबारियों पर अधिक पड़ सकता है, क्योंकि वहां अब भी नकद लेनदेन पर निर्भरता ज्यादा है। दूसरी ओर बैंक डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं। ग्राहकों को यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग और अन्य ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि घबराने की जरूरत नहीं है और जल्द ही नकदी आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद है।

# अब मनरेगा मजदूरों ने खोला मोर्चा कई गांवों में दिया धरना

## देशव्यापी हड़ताल : संगठन ने सरपंचों के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मनरेगा संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर मनरेगा मजदूरों की देशव्यापी हड़ताल के तहत जिले के विभिन्न गांवों में मजदूरों ने धरना-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ रोष जताया। डोभ, लाहली, बैंसी, खरैंटी, लाखन माजरा, चिड़ी और मुरादपुर टेकना सहित कई गांवों में मजदूरों ने सरपंचों के माध्यम से राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन सौंपा।

■ 200 कार्य दिवस की गांरटी व 700 रुपये दैनिक मजदूरी की मांग

प्रदर्शन के दौरान मनरेगा को बहाल करने और मजदूर-विरोधी बताए जा रहे वीबी ग्राम जी-2025 को रद्द करने की मांग उठाई गई। धरना देकर जताया विरोध देशव्यापी हड़ताल के तहत ग्रामीण मजदूरों ने गांवों में एकत्रित होकर धरना-प्रदर्शन किया। मजदूरों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि नई व्यवस्था लागू कर मनरेगा कानून को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। मजदूरों ने रखीं प्रमुख मांगें राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में वर्ष में 200 कार्य दिवसों की कानूनी गारंटी और न्यूनतम 700 रुपये दैनिक मजदूरी सुनिश्चित करने की मांग की गई। इसके अलावा रोजगार की जरूरत के अनुसार बजट आवंटन बढ़ाने और ग्रामीण रोजगार योजना को श्रम कानूनों के दायरे में लाने की मांग उठाई गई। भुगतान और सुरक्षा से जुड़े मुद्दे भी उठाए मजदूरों ने कहा कि मजदूरी और बेरोजगारी भत्ते के भुगतान में देरी होने पर मुआवजा दिया जाए। साथ ही कार्यस्थल पर दुर्घटना, मृत्यु या अपंगता की स्थिति में मुआवजा देने और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की गई। तकनीकी हाजिरी प्रणाली हटाने की मांग मजदूर संगठनों ने फेशियल रिकग्निशन आधारित हाजिरी प्रणाली को समाप्त करने की मांग करते हुए कहा कि इसके कारण कई श्रमिक काम से वंचित हो रहे हैं। मजदूरों ने पंचायतों को अधिक अधिकार देने और वर्ष के किसी भी समय रोजगार उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई।


रोहतक। अपनी मांगों के लिए विरोध प्रदर्शन करते मनरेगा संघर्ष मोर्चा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### वीबी ग्राम-जी मजदूर विरोधी

मनरेगा संघर्ष मोर्चा हरियाणा तालमेल कमेटी के सदस्य संदीप सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने गत 18 दिसंबर को मनरेगा के स्थान पर वीबी ग्राम जी-2025 लागू किया, जिसे मजदूर विरोधी बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी फैसले के विरोध में देशभर के मनरेगा, खेत और ग्रामीण मजदूरों ने हड़ताल कर विरोध जताया है। सरकार पर रोजगार देने में विफल रहने का आरोप खेत मजदूर नेता संदीप सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में केंद्र सरकार पंजीकृत मनरेगा मजदूरों को 100 दिनों का रोजगार देने में असफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा में भ्रष्टाचार भी बढ़ा और मजदूरों की शिकायतों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई।

## श्री हरि सेवा परिवार ने अनाज मंडी में वाटर कूलर लगाया

**रोहतक।** श्री हरि सेवा परिवार (मासिक भंडारा सेवा) द्वारा माल गोदाम रोड स्थित अनाज मंडी में जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित प्याऊ में एक 150 लीटर के वाटर कूलर की स्थापना की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी पवन आहूजा ने फीता काटकर वाटर कूलर जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह प्याऊ लगभग 40 वर्ष पुरानी है। श्री हरि सेवा परिवार ने ना सिर्फ वाटर कूलर प्रदान किया अपितु एक वोल्टेज व फिल्टर भी प्रदान किया ताकि आमजन को नियमित साफ पानी मिलता रहे। इसके अतिरिक्त सभी के प्रयास से प्याऊ को कलर करने, बाबा भोलेनाथ की मूर्ति की साफ सफाई करके पूजा अर्चना की गई। वहीं, श्री हरि सेवा परिवार द्वारा मंडी में एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। संयुक्त प्रयास ने एक मानवता से भरा कार्य पूर्ण किया। श्री हरि सेवा परिवार ने सभी कार्यकर्ताओं का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद महाराज ने आशीर्वाद दिया। श्री हरि सेवा परिवार से दिनेश तायल ने अपने विचार रखे।

■ भाजपा नेता पवन आहूजा ने फीता काटकर वाटर कूलर जनता को समर्पित किया


महम। वार्षिक परीक्षा परिणाम में विद्यालय का नाम रोशन करने वाले दा रॉयल सही राम स्कूल के विद्यार्थी अपने गुरूजनों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## शानदार रहा दा रॉयल सही राम स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए गए दसवीं और बारहवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में दा रॉयल सही राम सीनियर सेकेंडरी स्कूल महम के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विगत 25 वर्षों की तरह इस साल भी परिणाम शानदार व शत प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा में खुशी पुत्री सतीश ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्रिया शर्मा पुत्री हरीश ने 96 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। खुशी पहले और प्रिया शर्मा दूसरे स्थान पर रही। गीतू पुत्री अनूप ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। माही पुत्री जगदीप ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में चौथा स्थान प्राप्त किया। रिया सुपुत्री नवीन ने 91 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में पांचवां स्थान प्राप्त किया।


■ विद्यालय में जश्न का माहौल

### नीरू ने किया टॉप

वहीं 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में नीरू पुत्री रमेश ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोनल पुत्री दलबीर ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल मे दूसरा स्थान, प्रिया पुत्री सुरेन्द्र ने 92.8 फीसदी अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान व प्रिया पुत्री कुलदीप ने 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस सफलता पर स्कूल डायरेक्टर डॉ. प्रदीप भारद्वाज, प्राचार्या शीला ढुहन, वीरेंद्र बामल व वीरमति बामल ने प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को फूल माला व मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

# प्रदेश में मेवात के बाद रोहतक सबसे गर्म, आज पारा बढ़ने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शुक्रवार को रोहतक प्रदेश का दूसरा सबसे गर्म जिला रहा। यहां अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि मेवात 40.9 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रहा। दोनों जिलों के तापमान में महज 0.1 डिग्री का अंतर रहा। हालांकि दिन की तपिश के बीच रोहतक ने एक अलग रिकॉर्ड भी बनाया। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान रोहतक में दर्ज किया गया। शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 5.6 डिग्री सेल्सियस कम रहा। ऐसे में लोगों को सुबह के समय हल्की ठंडक का अहसास हुआ। सुबह और देर रात वातावरण में ठंडी हवा का असर दिखाई दिया, जबकि दोपहर होते ही सूरज की तेज किरणों ने गर्मी बढ़ा दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी)के मुताबिक दिन और रात के तापमान में इतना बड़ा अंतर आमतौर पर तब देखने को मिलता है, जब मौसम में अचानक बदलाव हो। वीरवार रात हुई हल्की बारिश ने भी मौसम के मिजाज को प्रभावित किया। जिले में 1.4 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई थी। इसी हल्की बरसात के कारण वातावरण में नमी बढ़ी और न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट देखने को मिली।

■ शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान 18 .8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया


महम। वार्षिक परीक्षा में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों का माला पहनाकर स्वागत करते श्री राम स्कूल के डायरेक्टर रमेश गिरधर। फोटो : हरिभूमि

## श्री राम स्कूल ने 10वीं की बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

**महम।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए गए दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में कस्बे के श्री राम सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने इस बार भी परचम लहराया है। विद्यालय के छात्र अजय कुमार पुत्र लक्ष्मी नारायण ने 484 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में शिवानी पुत्री राम किशन ने 481 अंक लेकर विद्यालय में दूसरा एवं जतिन गर्ग पुत्र वरुण गुप्ता ने 476 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के कुल 47 छात्रों में से 27 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके मेरिट में अपना नाम दर्ज करवाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के निदेशक रमेश गिरधर ने शानदार परिणाम आने पर बच्चों एवं अभिभावकगण को फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी है। कहा कि यह सफलता कड़ी मेहनत, सतत प्रयास एवं अनुशासन का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने भी शानदार परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

# सुशीला जैन की 93वीं जयंती पर छात्राओं को बांटी अध्ययन सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

किला रोड स्थित जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एलपीएस के संस्थापक बिमल प्रसाद जैन की पत्नी स्वर्गीय सुशीला देवी जैन की 93वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं को कॉपियां, चॉकलेट एवं ज्योमेट्री बॉक्स वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन की पत्नी संध्या जैन उपस्थित रहीं। इस दौरान अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। अपने संबोधन में संध्या जैन ने बुजुर्गों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे हमारी धरोहर हैं और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम सफलता के शिखर तक पहुँच सकते हैं। उन्होंने बेटियों को देश का भविष्य बताते हुए उनके बढ़ते कदमों की सराहना की। ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गोयल ने छात्राओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि ट्रस्ट भविष्य में भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

■ बुजुर्ग हमारी धरोहर, इनके दिखाए मार्ग से पा सकते है सफलता


रोहतक। छात्राओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि संध्या जैन। फोटो : हरिभूमि


महम। बारहवीं सीबीएसई की परीक्षा में अव्वल आने वाले एचडी स्कूल खेड़ी महम के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## उत्कृष्ट रहा एचडी स्कूल का 12वीं कक्षा का वार्षिक परिणाम

**महम।** केंद्रीय माध्यमिक विद्यालय शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के वार्षि परिणाम में एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम के विद्यार्थियों का शानदार परीक्षा परिणाम रहा है। स्कूल प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने बताया कि मैडिकल संकाय से जतिन ने 97.8 प्रतिशत (489) अंकों के साथ विद्यालय ही नहीं पूरे रोहतक जिले में में प्रथम स्थान अर्जित किया। वहीं दूसरे स्थान पर नियति रही। नियति ने 94.8 प्रतिशत (474) अंक अर्जित किए। तीसरे स्थान पर अंशिका व विनित रहे। जिन्होंने संयुक्त रूप से 92.8 प्रतिशत (464) अंक प्राप्त किए। कॉमर्स में सीनू ने 458 अंक प्राप्त कर पहला व कोमल ने 457 अंक अर्जित कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में खुशी ने 455 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक 7 विद्यार्थियों ने प्राप्त किये। 80 फीसदी से ज्यादा अंक 24 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत -प्रतिशत रहा। निदेशक कुलवंत नहरा ने शानदार परीक्षा परिणाम पर सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई दी। इस मौके पर बच्चों व अभिभावकों को मिठाई खिलाकर व फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल सचिव संजीव छिल्लर, उपप्राचार्या इंदु नहरा व समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## नालंदा स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता आज

**रोहतक।** स्टडी फॉर एज ट्रस्ट द्वारा तीसरी ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन झज्जर चुंगी स्थित नालंदा पब्लिक स्कूल में शनिवार को किया जाएगा। स्कूल डायरेक्टर अनीता व स्टडी फोर एज ट्रस्ट की प्रधान पूजा कौशिक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सौ के करीब बच्चों के आने की संभावना है। संस्था के संस्थापक मनजीत सिंह व दीपक जांगड़ा ने इस प्रतियोगिता के आयोजन की पूरी तैयारी की है। बता दे कि स्टडी फोर एज ट्रस्ट समय समय पर इसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाती रहती है जिसमें बच्चों में खेल की भावना को आगे बढ़ाया जाए और उनका मनोबल बढ़े। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगिण विकास में काफी सहायक होती है।

■ ड्राइंग प्रतियोगिता विद्यार्थियों के विकास में सहायक



## उकलाना नपा की नवनिर्वाचित चेयरपर्सन का रोहतक में स्वागत

**रोहतक।** उकलाना नगर पालिका की नवनिर्वाचित चेयरपर्सन रीमा सोनी का रोहतक पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। स्वर्णकार समाज और स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और नोटों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। सुनारों वाली गली में आयोजित कार्यक्रम में रीमा सोनी के साथ उनके परिवार का भी सम्मान किया गया। इस दौरान समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। रीमा सोनी ने कहा कि राजनीति में आने के लिए उन्हें कई राजनीतिक दलों की ओर से प्रस्ताव मिले थे, लेकिन उन्होंने समाज सेवा और जनता के हित में काम करने को प्राथमिकता दी। वह राजनीतिक परिवार से संबंध रखती हैं और उनके पिता महेंद्र सोनी लंबे समय से लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहे हैं। इसी वजह से जनता ने उन पर विश्वास जताया और उन्हें चेयरपर्सन बनाकर राजनीति में आगे बढ़ने का मौका दिया।

## एटीएल और रोबोटिक्स लैब विद्यार्थियों में नवाचार का मजबूत आधार: एडीसी

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल), रोबोटिक्स एवं खगोल विज्ञान प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों में नवाचार, वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। वे जिला स्तर पर आयोजित अटल टिंकरिंग लैब, रोबोटिक्स एवं खगोल विज्ञान प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने और विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक ने कहा कि ऐसी प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और उन्हें भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करेंगी। कार्यशाला का आयोजन जिला परियोजना समन्वयक सुमन हुड्डा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य और विज्ञान विषय के पीजीटी अध्यापक शामिल हुए।मेजबान प्रधानाचार्या अनीता राठी ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।





## मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल में गैर-सरकारी सदस्य बने राजेश खत्री

**सांपला।** सांपला मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल में गैर-सरकारी सदस्य के रूप में राजेश खत्री ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर एसडीएम एवं ट्रिब्यूनल चेयरमैन अंकिता पवार ने उनका स्वागत करते हुए नई जिम्मेदारियों से अवगत कराया। राजेश खत्री ने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों एवं माता-पिता के अधिकारों की रक्षा के लिए वे सदैव सजग रहेंगे, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर न्याय मिल सके। प्रदेश सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों और माता-पिता के अधिकारों की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से कुरुक्षेत्र, रोहतक और सांपला में तीन वर्षों के लिए गैर-सरकारी सदस्यों की नियुक्ति की गई है।

## सांघी के मॉडल संस्कृति स्कूल में काशवी राठी प्रथम



**रोहतक।** डॉ. स्वरूप सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांघी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय की प्राचार्या बबीता रानी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुष्पमालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। परीक्षा परिणामों में काशवी राठी ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, सृष्टि और अनंत मलिक ने 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान पाया, जबकि वंश कौशिक 91.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। स्कूल का परिणाम बेहद सराहनीय रहा, जिसमें 30 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेरिट में जगह बनाई।

## टीबी खत्म करने के लिए मंथन करेंगे देशभर के चिकित्सक

**रोहतक।** पीजीआईएमएस रोहतक के सुश्रुत सभागार में 17 मई 2026 को तपेदिक (टीबी) पर बहु-राज्यीय निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम किया जा रहा है। डॉ. ध्रुव चौधरी ने बताया कि यह आयोजन टीबी के खिलाफ क्षेत्रीय लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। कम्युनिटी मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी, पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन और रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागों द्वारा जिला एवं राज्य टीबी सेल, हरियाणा के सहयोग से आयोजित इससभा में चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व उत्तर प्रदेश के राज्य टास्क फोर्स के अध्यक्ष शामिल होंगे। इसके साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय टीबी प्रभाग के संयुक्त आयुक्त और अतिरिक्त उप महानिदेशक भी शिरकत करेंगे।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस : हर रविवार को मनाया जाएगा ड्राई-डे

**रोहतक।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. रमेश चन्द्र आर्य के आदेशानुसार तथा उप सिविल सर्जन मलेरिया डॉ. सुशीला गोदारा के निर्देशन में जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में डेंगू दिवस मनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। सभी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों और चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को अपने-अपने स्तर पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने को कहा गया है। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम "डेंगू नियंत्रण में जन भागीदारी : जांच करें, साफ करें और ढकें" रखी गई है। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को डेंगू से बचाव के प्रति जागरूक करना और मच्छरों के पनपने वाले स्रोतों को समाप्त करना है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को हर रविवार "ड्राई डे" मनाने का संदेश दिया गया है। विभाग ने अपील की है कि लोग अपने घरों और आसपास जमा पानी को साफ करें। कूलर, पुराने टायर, गमले, पानी की टंकियां और अन्य स्थानों पर पानी जमा न होने दें, क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है।

**प्रतियोगिता** | विजेता खिलाड़ी कॉम्नवेल्थ की तैयारी के लिए जाएंगे एक्सपोजर कैंप

# एशियन और कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए प्रदेश के नौ खिलाड़ी चयनित

द्वितीय स्थान पर रहने वाले मुक्केबाज जून में चीन में होने वाले वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में लेंगे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


प्रिया | प्रीति | सचिन | परवीन

कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स का सिलेक्शन ट्रायल शुक्रवार को आयोजित किया गया। इसमें 14 खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिसमें सात महिला और सात पुरुष खिलाड़ी शामिल है। हरियाणा से 9 खिलाड़ियों को चयन हुआ। यह ट्रायल पटियाला में आयोजित किया गया। 2026 के कॉमनवेल्थ गेम्स जुलाई-अगस्त में ग्लासगो में होंगे। इसके बाद सितंबर-अक्टूबर में जापान में एशियन गेम्स का आयोजन होगा।महिला टीमः हरियाणा भिवानी से साक्षी चौधरी (51 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) व जैस्मिन लम्बोरिया (57 किग्रा, केवल राष्ट्रमंडल खेल), प्रिया (60 किग्रा), रोहतक से परवीन हुड्डा (65 किग्रा), राजस्थान से अरुंधति चौधरी (70 किग्रा, केवल राष्ट्रमंडल खेल), असम से लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा)। पुरुष टीम में मणिपुर से जादूमणि सिंह (55 किग्रा), भिवानी से सचिन सिवाच (60 किग्रा), उत्तरप्रदेश से आदित्य प्रताप सिंह (65 किग्रा, केवल राष्ट्रमंडल खेल), जींद से सुमित कुंडू (70 किग्रा), हिसार से अंकुश (80 किग्रा), उत्तराखंड से कपिल पोखरिया (90 किग्रा), हिसार से नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा से अधिक)। जैस्मिन, अरूंधति और आदित्य ने केवल राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई किया। जीतने वाले मुक्केबाज कॉमनवेल्थ गेम्स की तैयारी के लिए चेक गणराज्य में लगने वाले एक्सपोजर कैंप में जाएंगे। वहीं, दूसरे स्थान पर रहने वाले मुक्केबाज जून में चीन में होने वाले वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में हिस्सा लेंगे। बॉक्सिंग वर्ल्ड कप सीरीज-2 का आयोजन 15 से 20 जून तक चीन में किया जाएगा। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों का चयन उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और अटूट लगन का परिणाम है। हरियाणा के मुक्केबाजों ने रिंग में जो जज्बा दिखाया है, उसने यह साबित कर दिया है कि प्रदेश आज भी बॉक्सिंग की नर्सरी बना हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि ग्लासगो (कॉमनवेल्थ गेम्स) और जापान (एशियन गेम्स) में ये मुक्केबाज पूरे देश का नाम रोशन करेंगे।

## जेएनवी घुसकानी का परिणाम शत-प्रतिशत

**रोहतक।** गांव घुसकानी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ने इस वर्ष भी 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर अपनी उत्कृष्ट परंपरा को कायम रखा है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को बधाई दी है। उपायुक्त ने अपने संदेश में कहा कि विद्यालय का यह शानदार परिणाम बेहतर शैक्षणिक वातावरण, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल और सफल भविष्य की कामना भी की।उन्होंने विद्यालय के निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्राचार्य एस.एस. शेखावत, उप-प्राचार्य फिरोज खां, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### एमएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी

**रोहतक।** मदिव ने एमएड प्रथम सेमेस्टर, डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन और पीजी डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एंड एंड रूरल डेवलपमेंट के प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश एंड री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

### 34 वीं जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता 22 से

**रोहतक।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (डीबीए) के तत्वाधान में 34 वीं जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता 22 मई से 26 मई तक आयोजित की जाएगी। डीबीए के अध्यक्ष यशपाल सिंह पंवार ने बताया कि प्रतियोगिता 22 मई को स्थानीय दिल्ली रोड, आईएमटी स्थित एसआरएस पब्लिक स्कूल में सुबह 9.00 बजे से शुरू होगी।

### परीक्षाओं के मद्देनजर निषेधाज्ञा लगाई

**रोहतक।** जिलाधीश सचिन गुप्ता ने मदवि की स्नातक और स्नातकोत्तर परीक्षाओं के शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी संचालन के लिए निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं। प्रातःकालीन सत्र सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा सायंकालीन सत्र दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। परीक्षा समाप्त होने तक परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर परिधि में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर रोक रहेगी। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के आसपास 100 मीटर दायरे में स्थित जीरोक्स, फोटोस्टेट, साइबर कैफे और डुप्लिकेटिंग सुविधा वाली दुकानें परीक्षा समय के दौरान बंद रहेंगी।

### एमडीयू में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**रोहतक।** एमडीयू के करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) द्वारा अड्डा 247 और एक्सिस बैंक के सहयोग से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव के तहत सेल्स ऑफिसर और असिस्टेंट मैनेजर प्रोग्राम के लिए कुल 132 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया, जिनमें से 46 विद्यार्थियों ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया। भर्ती प्रक्रिया का संचालन उद्योग विशेषज्ञों की टीम ने किया, जिसमें यशु शुक्ला (मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव) तथा सौरभ (कोऑर्डिनेटर, कैंपस करियर्स इंडिया, इंटर्न) शामिल रहे। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न चरणों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### आईसीएसएसआर से मिली 8 लाख की रिसर्च परियोजना की मंजूरी

**रोहतक।** एमडीयू के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. रामफूल ओहलान को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से राष्ट्रीय स्तर के रिसर्च मेथोडोलॉजी कोर्स के आयोजन की मंजूरी मिली है।



इस 10 दिवसीय कार्यक्रम के लिए आईसीएसएसआर ने 8 लाख रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय और अर्थशास्त्र विभाग के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को हरित विकास, पर्यावरणीय नीतियों, सतत अर्थव्यवस्था और समावेशी विकास से जुड़े आधुनिक शोध दृष्टिकोणों तथा उन्नत शोध तकनीकों से परिचित कराना है। कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने इस उपलब्धि पर प्रो. रामफूल ओहलान को बधाई दी है।

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
: 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

## एचबीएसई और सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में होनहारों ने गाड़े सफलता के झंडे

# स्कॉलर्स रोजरी स्कूल के 57 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए

241 विद्यार्थियों ने दी थी कक्षा बारहवीं की परीक्षा प्रणवी दुआ ने मानविकी में 98% अंक लेकर मारी स्कूल में बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्कॉलर्स रोजरी स्कूल का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया तथा विद्यालय ने समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। कुल 241 विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 57 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक तथा 82 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक अर्जित किए। प्रणवी दुआ ने ह्यूमानिटीज में 98% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। कॉमर्स में विदित गर्ग ने 97.2% अंक प्राप्त किए, और साइंस में ललितेश ने 95% अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।विषयवार उत्कृष्ट उपलब्धियों में बिजनेस स्टडीज में 3 विद्यार्थियों ने 100 अंक, इकोनॉमिक्स में 4 विद्यार्थियों ने 100 अंक, पेंटिंग में 3 विद्यार्थियों ने 100 अंक, बायोलॉजी में 1 विद्यार्थी ने 100 अंक, इतिहास में 1 विद्यार्थी ने 100 अंक, अकाउंट्स में 1 विद्यार्थी ने 100 अंक, मनोविज्ञान में 2 विद्यार्थियों ने 100 अंक, संगीत में 3 विद्यार्थियों ने 100 अंक, राजनीति विज्ञान में 1 विद्यार्थी ने 100 अंक तथा फिजिकल एजुकेशन में 2 विद्यार्थियों ने 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति गुगनानी एवं निदेशक डॉ. रविंद्र गुगनानी ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह शानदार परिणाम विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के विश्वास और सहयोग का प्रतिफल है।

## उपकार स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत

**रोहतक।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परिणामों में उपकार हाई स्कूल, रोहतक का परीक्षा परिणाम 100% रहा। इस शानदार सफलता पर स्कूल में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों में नैतिक ने 436 अंक (87.2%) प्राप्त कर प्रथम स्थान झटका, वहीं अक्षय कुमार ने 416 अंक (83.2%), नेहा ने 403 अंक (81.0%), अभिषेक ने 398 अंक (80.0%) और कुणाल ने 396 अंक (79.2%) हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के लिए विशेष गर्व की बात यह रही कि सभी विद्यार्थियों ने शानदार फर्स्ट डिवीजन के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है।





## विद्या प्रकाश हाई स्कूल के 50 छात्रों ने मेरिट ली

**रोहतक।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में विद्या प्रकाश हाई स्कूल, कन्हैली रोड, रोहतक का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा ने 97.2 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान, हिमांशी ने 96.8 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान तथा रागिनी ने 96 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में कुल 90 विद्यार्थियों में से 50 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। जिसमें 21 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। विद्यालय के निर्देशक अशोक कुमार जी ने सभी छात्रों, अभिभावकगण व अध्यापकगण को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## न्यू विद्या भारती स्कूल धामड़ का परिणाम शत-प्रतिशत

**रोहतक।** न्यू विद्या भारती पब्लिक स्कूल, धामड़ (रोहतक) का दसवीं कक्षा का सीबीएसई परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल का परिणाम 100% रहा, जिससे स्कूल और क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस वर्ष कुल 38 छात्रों में से 25 छात्रों ने मेरिट हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है।परीक्षा परिणामों में नैनसी ने 95% अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंशु ने 94.6% अंकों के साथ द्वितीय और अमानत ने 94% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 11 छात्रों ने 90% से अधिक और 14 छात्रों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। अंशु ने अंग्रेजी में पूरे 100 अंक प्राप्त किए। हिंदी में प्रिया ने 99 अंक, विज्ञान में नैनसी, अमानत, हिमा, राखी व तनिष्का ने 99 अंक, शारीरिक शिक्षा में नैनसी ने 97 अंक, गणित में वंश ने 95 अंक और सामाजिक विज्ञान में दीक्षा ने 96 अंक प्राप्त कर अध्यापकों व अभिभावकों का नाम रोशन किया।



## सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 18 छात्रों ने ली मेरिट

**रोहतक।** सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का वार्षिक परिणाम शत प्रतिशत रहा । विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। मेरिट सूची में 18 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। जिसमें प्रथम स्थान पर तुषार पुत्र राकेश कुमार, द्वितीय स्थान पर जतिन पुत्र शिव कुमार तथा कृष पुत्र शिव कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सैनी एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी, उप प्रधान बुधराम सैनी, सेक्रेटरी जगदीश कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष नफे सिंह, सैनी कन्या स्कूल मैनेजर ऋतुराज, बलवंत सैनी व स्कूल के प्राचार्य डॉ आरके सैनी ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को इस सफलता पर ढेर सारी बधाइयां दी।



## शानदार परिणाम के लिए गीता को किया सम्मानित

**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुडाना में शुक्रवार को विद्यालय परिवार द्वारा कक्षा 10वीं के हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा गीता पुत्री शिव कुमार के सम्मान में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय की होनहार छात्रा ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर 500 में से 497 अंक प्राप्त करके गीता ने रोहतक जिले में प्रथम तथा हरियाणा बोर्ड मेरिट सूची में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में छात्रा गीता के साथ साथ विद्यालय स्तर पर द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं अनु तथा यशिका को खंड शिक्षा अधिकारी संजय हुड्डा एवं जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक द्वारा स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। दोनों अधिकारियों ने छात्रा की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता पूरे जिले के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है।




## एमएस सरस्वती स्कूल का परिणाम रहा शानदार

**रोहतक।** माता दरवाजा गोकर्ण रोड पर स्थित एम.एस. सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की।आर्ट्स संकाय में मोक्षिता खत्री ने 95% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। तान्या ने 92.4%, मीनाक्षी ने 91%, वंशिका ने 90%, ईशिका ने 89%, सांची ने 87%, विवेक एवं देवेंद्र ने 86-86% तथा पुनीत दक्ष ने 80% अंक प्राप्त किए।कॉमर्स संकाय में हर्ष ने 91%, ऋषिका ने 90%, देव सोनी ने 87% एवं छवि ने 83% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। देव सोनी ने बिजनेस स्टडीज एवं अकाउंट्स विषय में 99-99 अंक प्राप्त किए, वहीं हर्ष ने इकोनॉमिक्स में 95 अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि प्राप्त की। संगीत अध्यापक दिनेश को विद्यालय प्रबंधन द्वारा 1,00,000 की धनराशि देकर सम्मानित किया गया।

## एचडी स्कूल बालंद का सीबीएससी परीक्षा परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दसवीं में श्रेया ने 95.2% अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया।

बालंद स्थित एचडी पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में एक बार फिर अपनी सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। दसवीं बोर्ड की परीक्षा में श्रेया ने 95.2% अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। वहीं, अंशिका ने 93.2% के साथ दूसरा और आशिन ने 92.6% अंकों के साथ तीसरा स्थान पाया। यश (90.4%) और पायल (89.2%) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन कर शीर्ष पाँच में अपनी जगह बनाई।बारहवीं की परीक्षा में आर्ट्स संकाय की ऋतु ने 96.2% अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी वर्ग में विनय ने 86.4% और शुभम ने 84.6% अंक प्राप्त किए। वहीं, विज्ञान संकाय में दीप्ति 86.4% अंकों के साथ प्रथम रही, जबकि समीर ने 84.2% और शिवानी ने 83.4% अंक प्राप्त किए। विद्यालय के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए प्रेसिडेंट सत्यदेव सिग्रोहा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि बेटियाँ आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जहाँ खेलकूद शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है।

## एसडी मेमोरियल कॉन्वेंट स्कूल में अक्षिता ने 478 अंक लिए



**रोहतक।** एसडी मेमोरियल कॉन्वेंट स्कूल के स्टूडेंट्स ने सीबीएसई 12वीं क्लास के एग्जाम रिजल्ट में बहुत अच्छा प्रदर्शन करके स्कूल का नाम रोशन किया। इस साल, अक्षिता ने 478/500, तमन्ना ने 464/500, और विनय हुड्डा ने 452/500 और जतिन ने 450/500, अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया। अक्षिता ने इतिहास में 100/100, शारीरिक शिक्षा में 98/100, अंग्रेजी में 95/100, राजनीति विज्ञान में 96/100, तमन्ना ने जीव विज्ञान में 96/100, रसायन शास्त्र में 95/100, हिंदुस्तानी गायन संगीत में 97/100, मेघा ने हिंदुस्तानी संगीत गायन में 98/100 अंग्रेजी में 95/100, जतिन ने गणित में 97/100 नंबर हासिल किए। स्कूल मैनेजर राकेश खुराना ने सभी स्टूडेंट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनकी सफलता पर खुशी जताई, और उम्मीद जताई कि विद्यार्थी भविष्य में भी ऐसे ही बेहतरीन प्रदर्शन करते रहेंगे।



## वैश्य वमावि का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**रोहतक।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा शिलान्यासित वैश्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दसवीं कक्षा का बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा के 163 विद्यार्थियों ने इन परीक्षाओं में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण कर विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन कर गर्व के पलों को सांझा करने का अवसर प्रदान किया। 46 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया।कमलजीत 483/500अंक लेकर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। अनु कुमारी 482 अंक लेकर दूसरा स्थान। कृष्णा, अंश ने 475 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। गणित विषय में दीपांशु को 100/100 अंक मिले। साइंस विषय में अनु कुमारी 100/100 अंक मिले। कंप्यूटर विज्ञान विनीत कौशिक 100/100 अंक मिले। विद्यालय के कोऑर्डिनेटर आकाश गुप्ता ,राहुल जैन गांधरवाल ने विद्यालय की शानदार परीक्षा परिणाम पर सभी अध्यापक, प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपने सपनों को साकार करें । वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान विकास गोयल उप प्रधान अनिल बिंदल महासचिव राधेश्याम गर्ग , कोषाध्यक्ष पवन मित्तल खरकिया, सह-सचिव अनिल बंसल ने दसवीं कक्षा के उत्कृष्ट परिणाम पर विद्यालय की इस शानदार उपलब्धि पर सभी शिक्षक एवं बच्चों को बधाई देते हुए कहा वैश्य एजुकेशन सोसाइटी आप सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करती है ।आपके साथ हमारा शिक्षण संस्थान सदैव हर मदद के लिए तैयार रहेगा आपके सपनों को साकार करने में हमारा भी योगदान हो इसके लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे। विद्यालय प्राचार्य प्रवीण कुमार बंसल ने सभी दसवीं कक्षा के उत्तीर्ण छात्रों को बधाई देते कहा कि आप सभी शिक्षा के क्षेत्र में अपने सपनों को साकार करते हुए अपने माता-पिता का नाम रोशन कर जीवन के उच्च मुकाम पर उच्च बुलंदियों को छूने का प्रयास सदैव करते रहे।




## राकवमा विद्यालय में कुमकुम ने हासिल किया पहला स्थान

**रोहतक।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रोहतक (2673) की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। दसवीं कक्षा का विद्यालय परिणाम 97.99% रहा। इसमें छात्रा कुमकुम नागर ने 500 में से 472 अंक (94.4%) प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया। कुमकुम, जो कुताना की निवासी हैं, के पिता एक फैक्ट्री में कार्यरत हैं और माता गृहिणी हैं। उनकी इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इसके अतिरिक्त, विद्यालय की 15 छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। इससे पूर्व घोषित बारहवीं कक्षा के परिणामों में भी विद्यालय की 50 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की। कॉमर्स स्ट्रीम की छात्रा प्रिया (सुपुत्री संजय) ने 500 में से 487 अंक (97.4%) लेकर ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनीता अहलावत ने इस शानदार सफलता के लिए विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्राओं की नियमित पढ़ाई, शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से ही यह परिणाम संभव हो पाया है। विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करता रहेगा।

दसवीं कक्षा का परिणाम 97.99% रहा, छात्रा कुमकुम नागर ने 500 में से 472 अंक (94.4%) प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया



## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में लैंग्वेज वीक का समापन समारोह आयोजित

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में इंग्लिश लैंग्वेज वीक का समापन समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने सप्ताहभर चली विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में स्क्रैबल एक्टिविटी, स्लोगन राइटिंग, पीपीटी ऑन ग्रामर, बुकमार्क मेकिंग, स्टोरी बोर्ड, स्किट राइटिंग, रोड सेफ्टी स्किट, स्पेल बी, मैगजीन प्रिपरेशन और लिसनिंग स्किल्स जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, रोड सेफ्टी, पर्सनल हाईजीन और एनर्जी कंजर्वेशन जैसे विषयों पर रचनात्मक प्रस्तुतियां देकर जागरूकता का संदेश भी दिया। कक्षा तीसरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी लेखन, संवाद और प्रस्तुति क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम में स्टोरी टेलिंग, कविता पाठ, जंबल वर्ड्स, मूवी वॉचिंग और एडवेंचर गार्डन विजिट जैसी गतिविधियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को शिक्षकों और अभिभावकों ने खूब सराहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि अंग्रेजी भाषा केवल एक विषय नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर संवाद और ज्ञान का माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाती हैं।

अंग्रेजी भाषा केवल एक विषय नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर संवाद और ज्ञान का माध्यमः प्राचार्या

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या मिसेज मशेंका, मधुलिका, कोऑर्डिनेटर एकता, रेशमा, विन्नी, किरण, रितु दुर्गा, कीर्ति, दीपमाला, मीनाक्षी, संजय, सुभाष, परमीत, जयदीप, सुमित, संदीप राठी और कृष्णा गिल सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## बीएमयू में रिसर्च में एआई पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

# एआई ने तकनीकी विकास को नई गति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2026 के अवसर पर बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय अंतर्गत भौतिक विज्ञान क्लब एवं गणित विभाग द्वारा आइक्यूएसी के सहयोग से विज्ञान ब्लॉक में रिसर्च में एआई : खोज को गति या रचनात्मकता को कमजोरी विषय पर एक विचारोत्तेजक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की आधुनिक शोध में बढ़ती भूमिका



पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने कहा कि एआई ने वैज्ञानिक खोजों, डेटा विश्लेषण, स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार तथा तकनीकी विकास को नई गति प्रदान की है। वहीं दूसरी ओर, एआई पर अत्यधिक निर्भरता, मानवीय रचनात्मकता में कमी, शोध की मौलिकता एवं नैतिक चुनौतियों जैसे मुद्दों पर भी गंभीर चर्चा की गई।

### प्रभावी ढंग से रखे विचार

वाद-विवाद प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने तार्किक तर्कों और वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार तथा रसायन विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रवि राणा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। दोनों शिक्षकों ने प्रतिभागियों के विचारों की सराहना करते हुए तकनीकी प्रगति और मानवीय रचनात्मकता के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजन की संयोजक प्रो. (डॉ.) संगीता मलिक ने कहा कि इस प्रकार के बौद्धिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच एवं शोध के प्रति जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मार्केट न्यूज

## अथर्व आयुर्वेद हॉस्पिटल में हर शनिवार लगेगा जांच शिविर

**रोहतक।** सोनीपत रोड स्थित अथर्व हॉस्पिटल में हर शनिवार को फ्री गुदा रोग शिविर लगाया जाएगा डॉ संजीव मदान ने बताया कि बदलती जीवनशैली, फास्ट फूड और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण बवासीर, भगंदर, फिशर व अन्य गुदा रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। युवा और बच्चों में भी ये समस्याएं देखने को मिल रही हैं। इन्हीं रोगों के प्रति जागरूकता और बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जाएगा।




मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संजीव मदान ने बताया कि आयुर्वेद में क्षार सूत्र और पंचकर्म जैसी पद्धतियों से बिना चीर-फाड़ इलाज संभव है, जिससे मरीज जल्दी स्वस्थ होकर अगले दिन सामान्य कार्य भी कर सकता है। उन्होंने कहा कि सही इलाज के लिए क्वालिफाइड डॉक्टर और बेहतर अस्पताल जरूरी हैं। कैंप में डॉ. मीनाक्षी सहित प्रशिक्षित चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे। साथ ही मात्र 10 हजार रुपये में क्षार सूत्र एवं संबंधित प्रोसीजर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।हस्पताल प्रबंधन डॉ प्रिंस गिरोत्रा, डॉ डेनिश ने लोगों से इस सेवा का लाभ उठाने की अपील की

## एमडीयू के बीएससी जेनेटिक्स पाठ्यक्रम में 26 मई तक कर सकते हैं आवेदन

# बीएससी जेनेटिक्स : विज्ञान, रिसर्च से हेल्थकेयर तक स्मार्ट करियर विकल्प

- वैज्ञानिक सोच, नवाचार और आधुनिक तकनीकों से छात्रों को किया जाएगा तैयार
- चार वर्षीय पाठ्यक्रम में 30 सीटें, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रही मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्टूडेंट गाइड

विज्ञान और तकनीक के तेजी से बदलते दौर में जेनेटिक्स युवाओं के लिए सबसे उभरते और रोजगारपरक क्षेत्रों में शामिल हो चुका है। स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर फॉरेंसिक साइंस, बायोटेक्नोलॉजी, फार्मा, कृषि और रिसर्च तक जेनेटिक्स की बढ़ती भूमिका ने इस क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं पैदा की हैं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक का चार वर्षीय बीएससी जेनेटिक्स पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान, शोध और नवाचार के साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रहा है। यह कोर्स न केवल वैज्ञानिक सोच और रिसर्च स्किल विकसित करता है, बल्कि विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार करता है। आधुनिक लैब तकनीकों, डीएनए रिसर्च और बायोइन्फॉर्मेटिक्स जैसे क्षेत्रों की जानकारी के साथ यह पाठ्यक्रम युवाओं के लिए उज्जवल भविष्य के नए द्वार खोल रहा है।


प्रो संतोष तिवारी

### इन क्षेत्रों में मिलेंगे मौके

जेनेटिक्स विभाग के अध्यक्ष प्रो संतोष तिवारी ने बताया कि बीएससी जेनेटिक्स के माध्यम से विद्यार्थी रिसर्च एंड एकेडेमिया, बायोटेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर, क्लिनिकल जेनेटिक्स, फॉरेंसिक साइंस, डाटा साइंस, बायोइन्फॉर्मेटिक्स, फार्मा एवं ड्रग डेवलपमेंट, पर्यावरण संरक्षण तथा एग्रीकल्चर एवं प्लांट बायोटेक्नोलॉजी जैसे आधुनिक क्षेत्रों में शानदार करियर बना सकते हैं।

### जेनेटिक्स की अहम भूमिका

डीन, फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज प्रो मीनाक्षी वशिष्ठ ने बताया कि आज स्वास्थ्य सेवाओं में आनुवंशिक रोगों की पहचान, अपराध जांच में डीएनए तकनीक, कृषि उत्पादन में सुधार, नई दवाओं के विकास तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में जेनेटिक्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो चुकी है। ऐसे में यह विषय युवाओं के लिए रोजगार और नवाचार दोनों का बड़ा माध्यम बन रहा है।

### ऐसा है पाठ्यक्रम

यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, शोध क्षमता और नवाचार कौशल को विकसित करता है। बीएससी जेनेटिक्स करने वाले विद्यार्थी वैज्ञानिक, रिसर्च एसोसिएट, लैब विशेषज्ञ, जेनेटिक काउंसलर, डीएनए एनालिस्ट, क्लिनिकल रिसर्च कोऑर्डिनेटर, बायोइनफॉर्मेटिक्स विश्लेषक तथा फार्मा विशेषज्ञ जैसे प्रतिष्ठित पदों पर कार्य कर सकते हैं। एमएससी, पीएचडी और उच्च स्तरीय शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट भविष्य बना सकते हैं।

### एक डिग्री, अनेक संभावनाएं

पारंपरिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ आधुनिक एवं रोजगारपरक विषयों को अपनाकर अपने भविष्य को नई दिशा दें। उन्होंने कहा कि बीएससी जेनेटिक्स ऐसा पाठ्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को एक डिग्री, अनेक संभावनाएं के सिद्धांत के साथ आत्मनिर्भर और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करता है। चार वर्षीय इस पाठ्यक्रम में 30 सीटें उपलब्ध हैं

# सुपवा का एडमिशन पोर्टल लॉन्च, दाखिला प्रक्रिया शुरू

- पीजी कोर्सेज के लिए 2 जून से आवेदन शुरू होंगे



**रोहतक।** दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए यूजी कोर्सेज के दाखिलों हेतु एडमिशन पोर्टल लॉन्च कर दिया गया। इसके साथ ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है, जबकि पीजी कोर्सेज के लिए 2 जून से आवेदन शुरू होंगे। कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने पोर्टल लॉन्च करते हुए कहा कि दाखिला प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के आधार पर संचालित की जाएगी। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए यूनिवर्सिटी परिसर में हेल्प डेस्क भी शुरू किया गया है। इस अवसर पर नए प्रोस्पेक्ट्स का विमोचन भी किया गया। कुलगुरु ने बताया कि इस बार दो नए पीजी कोर्स मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स इन प्रिंटमेकिंग और मास्टर ऑफ डिजाइन इन टेक्सटाइल डिजाइन शुरू किए जा रहे हैं। यूजी कोर्सेज के लिए आवेदन 26 जून तक किए जा सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### नग्न अवस्था में मिला था महिला का शव का नहीं हो सकी पहचान

**रोहतक।** कलानौर क्षेत्र में 152डी हाइवे के पास खैरड़ी गांव की झाड़ियों में नग्न अवस्था में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की हालत अत्यंत खराब होने और दोनों हाथ गायब होने के कारण पहचान नहीं हो सकी। आशंका जताई जा रही है कि महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की गई और शव को सुनसान स्थान पर फेंका गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने हत्या, दुष्कर्म और अन्य सभी एंगल से जांच शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

### सीजेएम ने बाल भवन-सेफ हाउस का किया निरीक्षण

**रोहतक।** रोहतक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बाल भवन, सेफ हाउस और लखीराम अनाथालय का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों और स्टाफ से बातचीत कर सुविधाओं की जानकारी ली तथा बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान सेफ हाउस के एक जर्जर छज्जे को देखकर संबंधित अधिकारियों को तुरंत मरम्मत के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीजेएम विशाल ने बताया कि 21 से 23 अगस्त 2026 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न मामलें निपटारा किया जाएगा।

## पार्षद परीक्षित देशवाल के नेतृत्व में एसडीएम को सौंपा मांगपत्र

# गांव बलियाना में बिजली की हाइटेंशन लाइन का विरोध तेज

- 70 फीसदी भूमि पहले ही आईएमटी के लिए अधिग्रहित होने का दावा
- कृषि भूमि पर संकट और आजीविका प्रभावित होने की आशंका से रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव बलियाणा से होकर प्रस्तावित नई हाइटेंशन बिजली लाइन के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को जिला पार्षद परीक्षित देशवाल के नेतृत्व में गांव के विभिन्न समाजों के लोग एकजुट होकर लघु सचिवालय पहुंचे और एसडीएम को मांगपत्र सौंपते हुए प्रस्तावित लाइन को गांव की जमीन से हटाकर अन्य विकल्प तलाशने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि यह मुद्दा केवल खेती की जमीन का नहीं, बल्कि गांव के भविष्य और अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि रोहतक आईएमटी से गांव बलियाणा की कृषि भूमि से हाईटेंशन बिजली लाइन प्रस्तावित की गई है, जिससे लोगों में चिंता और भय का माहौल बना हुआ है। उनका कहना है कि पहले ही गांव की अधिकांश भूमि औद्योगिक विकास के नाम पर अधिग्रहित की जा चुकी है और अब बची हुई जमीन पर भी संकट खड़ा हो गया है।


**रोहतक।** हाइटेंशन बिजली लाइन के विरोध में एसडीएम को मांगपत्र सौंपते जिला पार्षद परीक्षित देशवाल व ग्रामीण।

### गांव में लगभग 30% भूमि ही शेष बची

मांगपत्र में ग्रामीणों ने बताया है कि गांव की करीब 70 प्रतिशत भूमि आईएमटी के लिए अधिग्रहित की जा चुकी है। इसके कारण गांव तीन तरफ से आईएमटी क्षेत्र से घिर चुका है। इसके अलावा गांव की लगभग 70 से 80 एकड़ पंचायती भूमि भी अधिग्रहण की जद में आ चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायती भूमि के बदले मिले धन को जनहित कार्यों में खर्च कर दिया गया, लेकिन अब गांव के पास संसाधन सीमित होते जा रहे हैं। गांव में केवल लगभग 30 प्रतिशत भूमि ही शेष बची है और इसी पर बड़ी संख्या में परिवारों की आजीविका निर्भर है। यदि इस जमीन पर हाईटेंशन लाइन गुजरती है तो खेती, निर्माण और भविष्य की विकास योजनाओं पर असर पड़ेगा। लोगों ने प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रस्तावित बिजली लाइन को विभाजित करने या अन्य मार्ग से निकालने की मांग की।

### सकारात्मक निर्णय लेने की मांग

जिला पार्षद परीक्षित देशवाल ने कहा कि गांव बलियाणा ने हमेशा विकास और जनहित के कार्यों में योगदान दिया है। तभी हजारों एकड़ जमीन सरकार को आईएमटी विकसित करने के लिए दी है। अब ऐसे में गांव के लोगों की चिंताओं को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की है।

## पक्का रोजगार, वेतन बढ़ोतरी और सेवा सुरक्षा की मांग

# ग्रामीण सफाई कर्मचारी गरजे, मांगें नहीं मानी तो आंदोलन की चेतावनी

- 9700 पद खाली होने और घोषणाएं भी लागू नहीं हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

राज्यव्यापी आह्वान के तहत ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की दो दिवसीय हड़ताल के पहले दिन रोहतक में कर्मचारियों ने मानसरोवर पार्क में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा (सीटू) के जिला प्रधान दलेर सिंह ने की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जिला प्रधान दलेर सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार अंतिम पंक्ति के लोगों के उत्थान की बात करती है, लेकिन व्यवहार में कर्मचारियों की लगातार अनदेखी और शोषण किया जा रहा है। यूनियन नेताओं ने कहा कि सफाई कर्मचारी लंबे समय से पक्का रोजगार, वेतन बढ़ोतरी, सेवा सुरक्षा और उच्च न्यायालय के आदेश लागू करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने 1000 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी भर्ती करने की घोषणा की थी, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया और वर्तमान में 9700 पद खाली पड़े हैं।

# जनगणना कार्य में सहयोग करें आरडब्ल्यूए

- मकान सूचीकरण कार्य में बाधा डालने की शिकायतों पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गृह मंत्रालय ने हरियाणा की सभी रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) से जनगणना प्रक्रिया के तहत चल रहे मकान सूचीकरण और मकानों की गणना कार्य में पूर्ण सहयोग देने की अपील की है। मंत्रालय की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि यह कार्य गत 1 मई से पूरे हरियाणा में शुरू हो चुका है और 30 मई तक जारी रहेगा। मंत्रालय के अनुसार कुछ आवासीय सोसायटियों और कॉलोनियों में जनगणना प्रगणकों को प्रवेश देने से मना किए जाने तथा जरूरी जानकारी उपलब्ध न कराने की शिकायतें सामने आई हैं। गृह मंत्रालय ने ऐसी घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य के सुचारू संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। निर्देशों में सभी आरडब्ल्यूए अध्यक्षों और पदाधिकारियों से कहा गया है कि वे अपने क्षेत्रों के निवासियों को जनगणना के महत्व के बारे में जागरूक करें और प्रगणकों को आवश्यक जानकारी जुटाने में सहयोग सुनिश्चित करें। जनगणना के दौरान एकत्र की जाने वाली जानकारी सामान्य प्रकृति की होती है और इसे जनगणना अधिनियम के तहत पूरी तरह गोपनीय रखा जाता है।

## चुन्नी पुरा में बंदरों के आतंक से लोगों का जीना हुआ मुहाल

**रोहतक।** सैनी स्कूल रोड स्थित चुन्नी पुरा कॉलोनी में बंदरों के लगातार बढ़ रहे आतंक के चलते लोग अब अपने घरों से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं। क्षेत्रवासियों के अनुसार सुबह, दोपहर और शाम के समय बंदरों के झुंड गलियों और छतों पर घूमते रहते हैं। घरों में घुसकर खाने-पीने का सामान उठा ले जाते हैं और विरोध करने पर हमला कर देते हैं। इसके अलावा, घरों मे लगे पेड़-पौधों को भी बंदर बर्बाद कर देते हैं। बंदरों के उत्पात से परेशान शहर वासियों ने जिला प्रशासन व नगर निगम अधिकारियों से शहर में आतंक मचाने वाले बंदरों को पकड़कर दूरदराज जंगल में छोड़ने का आग्रह किया है। चुन्नीपुरा निवासी सेवानिवृत शिक्षिका ऊषा सैनी ने बताया कि बंदर उनके घर के ऊपर लगी पानी की टंकी के पाइप व ढक्कन को तोड़ चुके हैं। इसके अलावा लगातार अनेक गमले और पौधे भी तोड़ कर बर्बाद कर देते हैं। एक अन्य महिला सविता ने बताया कि छत पर कपड़े सुखाती हैं तो कपड़ों को भी बंदर उठा ले जाते हैं या इधर उधर गिरा देते हैं। क्षेत्र निवासी महेश कुमार ने बताया कि बंदरों के उत्पात से सभी लोग परेशान और डर के साये में जी

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# नशे से दूर रहे छात्र, करियर और पढ़ाई पर ध्यान दें

- नशा मुक्ति टीम ने दिया जागरूकता का संदेश, हेल्पलाइन नंबर भी किया साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत सांपला स्थित शिवा हाई स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति टीम ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आर्थिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है और युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए बड़ा खतरा बन चुका है।कार्यक्रम का संचालन उपनिरीक्षक अमर सिंह और सहायक उपनिरीक्षक मोहन सिंह के नेतृत्व में किया गया। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों से कहा कि वे नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य और करियर पर ध्यान केंद्रित करें। नशीली दवाओं, गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस सहित अन्य नशों के नुकसान भी बताए गए और हेल्प नंबर साझा किया।


**रोहतक।** बच्चों को नशे से दूर रहने की अपील करते उपनिरीक्षक अमर सिंह। फोटो : हरिभूमि

## शिक्षा सुधार समिति ने एमडीयू वीसी प्रो. पूनिया को किया सम्मानित



**रोहतक।** रोहतक में शिक्षा सुधार समिति (कादयान खाप बेरी झज्जर) के पदाधिकारियों ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कुलपति को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और विश्वविद्यालय में शिक्षा, शोध तथा विद्यार्थियों के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। समिति प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रो. मिलाप पूनिया के नेतृत्व में एमडीयू नए शैक्षणिक आयाम स्थापित कर रहा है और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी बेहतर अवसर मिल रहे हैं। भेंट के दौरान ग्रामीण शिक्षा, युवाओं के भविष्य, कौशल विकास और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। कुलपति प्रो. पूनिया ने सम्मान के लिए आभार जताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें रोजगार, शोध और कौशल के क्षेत्र में सक्षम बनाना है।

# सावन हत्याकांड में दसवां आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पाड़ा मोहल्ला निवासी युवक सावन की चाकू से गोदकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दसवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पाड़ा मोहल्ला निवासी रविंद्र के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, इस सनसनीखेज हत्याकांड में शामिल एक नाबालिग समेत कुल नौ आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। बतादे कि 24 जनवरी को पुलिस को सूचना मिली थी कि पाड़ा मोहल्ला क्षेत्र में दो पक्षों के बीच खूनी झगड़ा हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। जांच के दौरान पता चला कि कुछ युवकों ने एक युवक पर चाकुओं और छुरियों से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 15 जून से शुरू होगा मतदाता सूची का विशेष सत्यापन अभियान

**रोहतक।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों को अधिक पारदर्शी, शुद्ध और अद्यतन बनाने के लिए चलाए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) अभियान के तीसरे चरण के तहत हरियाणा में 15 जून से 22 सितंबर 2026 तक मतदाता सूची का विशेष सत्यापन किया जाएगा। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और आवश्यक दस्तावेजों की जांच करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का तीसरा चरण 30 मई से शुरू होकर दिसंबर तक चलेगा। इस चरण में हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ समेत 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाताओं के विवरण की जांच की जाएगी।

## पैनल अस्पतालों को मरीजों के लिए हेल्प डेस्क व जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश

*पात्र मरीजों की तत्काल ऑनलाइन जांच व कार्ड बनाने की सुविधा*

# आयुष्मान सारथी पोर्टल से मरीजों को मिलेगा त्वरित लाभ, अस्पताल बनेंगे स्वास्थ्य मार्गदर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में पात्र नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और चिरायु हरियाणा योजना का लाभ अधिक सहज और त्वरित तरीके से उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने आयुष्मान सारथी पोर्टल के माध्यम से विशेष नागरिक सुविधा पहल शुरू की है। इस पहल के तहत आयुष्मान योजना के पैनल में शामिल अस्पताल अब केवल इलाज केंद्र नहीं रहेंगे, बल्कि पात्र नागरिकों के स्वास्थ्य मार्गदर्शक और सुविधा सहयोगी की भूमिका भी निभाएंगे। यह जानकारी उपायुक्त सचिन गुप्ता ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दी। बैठक में निजी अस्पताल संचालकों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई। सभी पैनल अस्पताल अपने परिसर में आयुष्मान योजना की पात्रता, उपलब्ध मेडिकल पैकेज, हेल्पलाइन नंबर, मरीज अधिकार और अन्य आवश्यक जानकारी प्रमुखता से प्रदर्शित करें, ताकि अस्पताल पहुंचते ही मरीजों को योजना की स्पष्ट जानकारी मिल सके। पात्र परिवारों के लिए सम्मानजनक स्वास्थ्य सुरक्षा के अधिकार के रूप में लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।


**रोहतक।** लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### प्रशिक्षित स्टाफ तैनात करने के निर्देश भी दिए

बैठक में अस्पतालों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक मरीज की आयुष्मान पात्रता तत्काल ऑनलाइन जांची जाए। यदि मरीज पात्र है लेकिन उसके पास आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नहीं है, तो अस्पताल संबंधित अधिकारियों के समन्वय से कार्ड बनवाने और उपचार सुविधा उपलब्ध कराने में सहायता करें। इसके अलावा सभी अस्पतालों में समर्पित आयुष्मान हेल्प डेस्क स्थापित करने और प्रशिक्षित स्टाफ तैनात करने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि तकनीकी त्रुटियों और अधूरी जानकारी के कारण क्लेम रिजेक्शन की समस्या सामने आती है। ऐसे में अस्पताल प्रत्येक क्लेम में मरीज और उपचार से जुड़ी जानकारी सटीक रूप से दर्ज करें ताकि मरीजों को परेशानी का सामना न करना पड़े।